देहरादून (उत्तराखण्ड)
शुक्रवार 15.03.2024
समय 1830

मुख्य समाचार :–

- निर्वाचन आयोग कल लोकसभा चुनाव कार्यक्रम की घोषणा करेगा।
- ऊधमसिंह नगर जिले के लिए आज 18 हजार करोड़ रुपए के विभिन्न कार्यों का धरातलीकरण शुरू।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने चंपावत में 55 करोड़ रूपये से बनने वाले साइंस सिटी का शिलान्यास किया।
- और..... राज्य मंत्रिमंडल ने वन पंचायतों को मजबूत बनाने के लिए 'वन पंचायत संशोधन नियमावली' को मंजूरी दी।

..........

चुनावी घोषणा

निर्वाचन आयोग कल लोकसभा चुनाव कार्यक्रम की घोषणा करेगा। नई दिल्ली के विज्ञान भवन में कल दोपहर बाद चुनाव तिथियों का एलान किया जायेगा। इस दौरान लोकसभा चुनाव के साथ कुछ राज्यों में विधानसभा चुनाव कार्यक्रम भी घोषित होंगे।

लोकसभा निर्वाचन

देशभर में चुनाव का माहौल है। लोकसभा निर्वाचन– 2024 को बेहतर ढ़ग से संपादित करने के लिए प्रदेश में भी तैयारियां जोरों पर हैं। साथ ही स्वीप के कार्यक्रमों से प्रदेश की जनता को मताधिकार के प्रति जागरूक किया जा रहा है। वहीं, प्रदेश में पहली बार मतदान करने वाले युवा भी चुनाव के प्रति खासा उत्साहित नजर आ रहे हैं। चुनावों को लेकर युवा सोशल मीडिया पर भी मतदान का संदेश दे रहे हैं। उत्तराखण्ड की लोक गायिका पद्मश्री डॉ. माधुरी बर्थवाल ने सभी लोगों से लोकतंत्र के त्योहार में हिस्सा लेकर शत प्रतिशत मतदान की अपील की है।

धरातलीकरण

ऊधमसिंह नगर के जसपुर में आज जिले के लिए 18 हजार करोड़ रुपए के विभिन्न कार्यों के धरातलीकरण का काम शुरू हो गया है। वैश्विक निवेशक सम्मेलन के दौरान जिले को प्राप्त हुए 24 हजार 740 करोड़ रुपए के प्राप्त निवेश प्रस्तावों के समक्ष 18 हजार करोड़ रुपए की ग्राउंडिंग कार्य क्षेत्र के तेजी से विकास में सहायक होंगे। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि इससे क्षेत्रीय युवाओं को अपने घर पर ही रोजगार के अवसर मिल सकेंगे। श्री धामी ने आज उधमसिंह नगर में कृषि उत्पादन मण्डी समिति में आयोजित लाभार्थी सम्मान समारोह में हिस्सा लिया। इस अवसर पर उन्होंने जिले के लिए 28 करोड़ रुपए की 7 विकास योजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण किया।

शिलान्यास

चम्पावत जिले में जल्द ही राज्य का तीसरा विज्ञान केन्द्र बनाया जायेगा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज वर्चुअल रूप से इसका भूमि पूजन व शिलान्यास किया। यह विज्ञान केन्द्र 55 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से बनाया जायेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह विज्ञान केंद्र चंपावत के विकास में मील का पत्थर साबित होगां। उन्होंने कहा कि चम्पावत सहित प्रदेश भर के प्रतिभाशाली छात्रों को वैज्ञानिक क्रांति की मुख्य धारा से जोड़ने के लिये लगातार काम किए जा रहे हैं। विज्ञान, प्रौद्योगिकी व नवाचार के प्रचार–प्रसार पर जोर देते हुए श्री धामी ने कहा कि "मुख्यमंत्री लैब ऑन व्हील्स" परियोजना के तहत प्रत्येक जिले के लिए चलती फिरती विज्ञान प्रयोगशाला ''मुख्यमंत्री मोबाइल साइंस लैब'' बनाने के लिये अनुमति दी गई है जिन्हें राज्य के चार जिलों में जल्द ही स्थापित किया जायेगा। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर नशा मुक्ति केंद्र का शुभारम्भ भी किया और युवाओं से नशे से दूर रहने की अपील की।

कार्यभार

नवनियुक्त चुनाव आयुक्तों – ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू ने आज कार्यभार संभाल लिया है। निर्वाचन आयोग ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने दोनों नए चुनाव आयुक्तों का स्वागत किया। मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि ऐसे

समय में इनका आयोग में शामिल होना महत्वपूर्ण है जब निर्वाचन आयोग, इसी वर्ष विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र में लोकसभा चुनाव संचालन के लिये तैयार है।

## मंत्रिमण्डल बैठक

राज्य सरकार ने प्रदेश की वन पंचायतों को मजबूत और स्वावलम्बी बनाने के लिए वन पंचायत संशोधन नियमावली को मंजूरी दे दी है। नई नियमावली के तहत अब नौ सदस्यीय वन पंचायत का गठन किया जाएगा, जिसके पास जड़ी–बूटी उत्पादन, पौधरोपण, जल संचय, वनाग्नि रोकथाम और पर्यावरण पर्यटन में भागीदारी के अधिकार होंगे। इससे वन पंचायतों की आय में वृद्धि होने की उम्मीद है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में कल हुई मंत्रिमण्डल बैठक में राज्य के शहरों में बढ़ते प्रदूषण को कम करने के लिए डीजल से चलने वाले पुराने विक्रम और सिटी बसों को हटाने का निर्णय लिया गया। इसके लिए कैबिनेट ने उत्तराखंड स्वच्छ गतिशीलता परिवर्तन नीति–2024 को मंजूरी दे दी। इस नीति के तहत पुराने वाहन को स्क्रैब करने और नए सीएनजी वाहन खरीदने पर सरकार 40 से 50 प्रतिशत तक सब्सिडी देगी। देहरादून शहर से यह पायलट प्रोजेक्ट शुरू किया जाएगा।

## शिलान्यास

पूर्व राज्यसभा सदस्य अनिल बलूनी ने आज पौड़ी में तारामंडल और माउंटेन म्यूजियम का शिलान्यास किया। इस माउंटेन म्यूजियम और तारामण्डल के लिए अनिल बलूनी ने सांसद निधि से 15 करोड़ की धनराशि अवमुक्त की है। इस तारामंडल का नाम देश के प्रथम सीडीएस जनरल बिपिन रावत के नाम पर रखा गया है। यह संग्रहालय और तारामण्डल पौड़ी को एक नया आयाम देगा जो इतिहास के अध्येताओं के साथ– साथ खगोलविदों के लिए भी अध्ययन का महत्वपूर्ण केन्द्र बनकर उभरेगा।

कीमतों में कमी

देश में पेट्रोल और डीजल दो रुपये प्रति लीटर सस्ता हो गया है। नई दरें आज सुबह छह बजे से लागू हो गई हैं। केंद्र सरकार के निर्णय के बाद प्रदेश में भी पेट्रोल और डीजल सस्ता हो गया है। राजधानी देहरादून में पेट्रोल की कीमत 93 दशमलव तीन–तीन रुपये और डीजल का दाम 88 दशमलव दो–एक रुपये प्रति लीटर हो गया है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने कहा कि इससे उपभोक्ताओं की व्यय क्षमता बढ़ेगी तथा डीजल से चलने वाले 58 लाख भारी वाहन, छह करोड़ कारें और 27 करोड़ दोपहिया वाहनों का परिचालन व्यय कम होगा। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने देश में पेट्रोल और डीजल की कीमतें कम करने के लिए सरकार के प्रयासों की सराहना की है। एक सोशल मीडिया संदेश में उन्होंने कहा कि सरकार के प्रयासों से पिछले ढाई वर्षों में पेट्रोल की कीमत लगभग 15 रुपये प्रति लीटर और डीजल की कीमत 17 रुपये प्रति लीटर कम हुई है। पेट्रोल और डीज़ल के दाम कम होने पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का धन्यवाद किया है। एक संदेश में श्री धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा अंत्योदय और ग़रीब कल्याण के लिए कई निर्णय लिये जा रहे हैं और हर निर्णय करोड़ों देशवासियों की आजीविका में सकारात्मक बदलाव ला रहा है।

नियुक्ति पत्र

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने महिला सशक्तिकरण, बाल विकास और आबकारी विभाग में चयनित 27 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किये। इस दौरान मुख्यमंत्री ने सभी चयनित अभ्यर्थियों को अनुशासित होकर काम करने की सलाह दी।

मोबाइल नेटवर्क

नैनीताल जिले के दुर्गम इलाकों में लोगों को जल्द ही मोबाइल नेटवर्क का लाभ मिलेगा। केंद्र सरकार की योजना के तहत भारत संचार निगम लिमिटेड जिले के चिह्नित 49 स्थानों पर जल्द ही 4जी सुविधा युक्त टावर लगाएगा। बीएसएनएल ने जिले के रामगढ़, मुक्तेश्वर, ओखलकांडा, धारी, बेतालघाट और सुयालबाड़ी क्षेत्रों में फोर जी वाले 49 नए टावर लगाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। बीएसएनएल के अधिकारियों के अनुसार मंडल में स्थित 93 टावर को भी 4जी किया जा रहा है जो भविष्य में 5जी में अपडेट हो जाएंगे।

## नियुक्ति

प्रदेश के राजकीय महाविद्यालयों में जल्द ही आउटसोर्स के माध्यम से 117 योग प्रशिक्षकों की नियुक्ति की जाएगी। उच्च शिक्षा विभाग ने विज्ञप्ति जारी कर इन पदों पर भर्ती की प्रक्रिया शुरू कर दी है। योग प्रशिक्षक के लिए अभ्यर्थी को किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से योग, योग विज्ञान, योग चिकित्सा अथवा योग शिक्षा में स्नातकोत्तर या समकक्ष उपाधि धारक होना जरूरी है।

## प्रतिबंध

केंद्र सरकार खूंखार कुत्तों की बिक्री और प्रजनन पर प्रतिबंध का प्रस्ताव कर रही है। पशुपालन मंत्रालय ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को मानव जीवन के लिए खतरनाक कुत्तों की 23 नस्लों की बिक्री, प्रजनन या उन्हें पालने पर प्रतिबंध सुनिश्चित करने का निर्देश जारी किया है।

समाप्त